# दैनिक-आयोजन

इकाई- 2 मोड्यूल -1

| | | |
|---|---|---|
| पाठ | - | जगमग तारा (चित्रवाचन, बालगीत) |
| अधिगम उपलब्धियाँ | - | चित्रवाचन करके देश की विशेषताएँ लिखता है।<br>बाल गीत का आलाप करता है।<br>बाल गीत पढ़कर आशय लिखता है।<br>बाल कविता के तुकांत शब्द को पहचानकर सूचीबद्ध करता है। |
| आशय/धारणाएँ | - | विविधता में एकता की भावना।<br>देश-प्रेम और देश के महत्त्व से संबंधित पहलुओं का चित्रण बालगीत में हैं। |
| मूल्य मनोभाव | - | देश के प्रति आदर और प्रेम की भावना बढाना। |
| समय | - | आठ कालांश |
| सामग्री | - | चित्र, चार्ट, देश भक्ति गीत की सीडी। |

| प्रक्रिया | आकलन |
|---|---|
| अनौपचारिक संवाद के ज़रिए अध्यापक पूछता है-<br>पिछली कक्षा का दृश्याभास कैसा था?<br>छात्रों को उचित प्रतिक्रिया देने का अवसर देता हैं। अध्यापक देश-प्रेम से संबंधित एक फिल्मी-गीत सी.डी. की सहायता से दिखाता है तथा सुनाता है। (ये दुनिया एक दुल्हन, दुल्हन के माथे की बिंदिया यह मेरा इंडिया......)<br>प्रश्न पूछता है- यह गीत कैसा लगा?<br>इसे सुनकर आपके मन में क्या-क्या भावना जागती हैं?<br>छात्रों को भारत के राज्यों का नाम, त्योहारों का नाम, नदियों का नाम, भाषाओं का नाम, प्रसिद्ध स्थान के नाम, कलाओं के नाम, कवियों के नाम का नुस्खा देकर (छात्रों | छात्रों की प्रतिक्रिया देने की क्षमता के बार में परखता है।<br>ये छात्र कक्षा गतिविधि में साथ नहीं चल रहे हैं- (नाम)<br>1.......<br>2....... |

| प्रक्रिया | आकलन |
|---|---|
| की संख्या के आधार पर) उन्हें विभिन्न दलों में बाँटा जाता है।<br>प्रत्येक दल अपने विषय पर टिप्पणी तैयार करता है।<br>अध्यापक आवश्यक मदद देते हैं। दलों के नेताओं को अपनी उपज के आधार पर एक भित्ति पत्रिका तैयार करने का निर्देश दिया जाता है। भित्ति पत्रिका को कक्षा में प्रदर्शित किया जाता है।<br>हमें एक भित्ति पत्रिका तैयार की है।<br>यह किसकी ओर इशारा करती है। (भारत)<br>छात्रों को पुस्तिका के पन्ना सं. 27 देखने और चित्र का वाचन करने का निर्देश देते हैं।<br>चित्र दिखाकर अध्यापक प्रश्न पूछते हैं-<br>यह किसका चित्र हैं?<br>चित्र में क्या-क्या हैं?<br>छात्रों की प्रतिक्रयाओं को सूचीबद्ध करता जाता है।<br>अगर कोई छात्र नीचले भाग के बारे में बताता है तो अध्यापक उसके संबंध में कहता है ( यह दंडी यात्रा का चित्र है। भारत की आज़ादी के लिए गांधीजी और कई लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया था और हमें आज़ादी दिलाई।)<br>प्रश्न ज़ारी रहता है - यहाँ भारत कैसे बानाया है?<br>यहाँ बच्चे कैसे खड़े हैं?<br>यह किसकी सूचना देते हैं?<br>छात्रों की प्रतिक्रयाओं को सूचीबद्ध करता जाता है।<br>पूछे - अब इससे जुड़ी पंक्तियाँ पड़े। चित्र में लिखी कविता को आलाप करने को कहते हैं।<br>पर्याप्त समय दे। किसी छात्र से गवाये, अध्यापक गाये, ओडियो सुनाए और छात्रों को मिलकर गाने का अवसर प्रदान करती है। | ये छात्र प्रतिक्रिया में आगे हैं (नाम)<br>1.......<br>2.......<br>ये छात्र प्रतिक्रिया में पीछे हैं (नाम)<br>1.......<br>2....... |

| प्रक्रिया | आकलन |
|---|---|
| पूछे - इन पंक्तियों का चित्र से क्या संबंध है। कहने का अवसर दे। भारत की कौनसी विशेषता का चित्रण यहाँ हुआ है।<br>अनेकता में एकता का उत्तर मिलने तक संवाद जारी रखे।<br>अध्यापक छात्रों को चित्र के आधार पर भारत की खूबियों पर एक छोटा-सा विवरण तैयार करने को कहते है।<br>वैयक्तिक रूप से, फिर दलों में आपसी आकलन के द्वारा अपनी उपज का परिमार्जित रूप प्रस्तुत करते हैं। हरेक दल उसे प्रस्तुत करता है और कक्षा में प्रदर्शित करते हैं। | वैयक्तिक आकलन<br>आपसी आकलन<br>दलों में आकलन |
| छात्रों से पन्ना सं. 28 की कविता जगमग तारा लेकर वैयक्तिक वाचन करने का निर्देश देता है।<br>अध्यापक छात्रों को वैयक्तिक वाचन करके ताल-लय देने का निर्देश देते हैं।<br>एक-दो छात्रों की प्रस्तुति, फिर दलों में बैठकर ताल-लय देकर हरेक दल से प्रस्तुति करायी जाती है। फिर अध्यापक ताल-लय के साथ बाल-गीत को प्रस्तुत करते हैं।<br>फिर दलों में आशय का लेन-देन करता है। | उचित ताल-लय, हाव-भाव पर आधारित दलों में आपसी आकलन। |
| अध्यापक विश्लेषणात्मक प्रश्न पूछते हैं-<br>हमारा देश कैसे जगमगाता है?<br>हमारा देश किसका रखवारा है?<br>हमारे देश को किसने संवारा है?<br>भारत हमें क्यों जान से प्यारा है?<br>इस कविता में भारत की कौन-कौनसी खूबी बताई गयी है।<br>छात्रों की प्रतिक्रियाओं को सूचीबद्ध करता जाता है।<br>अध्यापक छात्रों से पन्ना संख्या 30 लेकर उसके वर्कशीट को पूरा करने को कहते हैं। प्रश्न पूछता है-<br>भारत किन-किन क्षेत्रों में जगमगा रहा है। मिले उत्तरों की | ये छात्र कक्षा गतिविधि में साथ नहीं चल रहे हैं। (नाम) |

| प्रक्रिया | आकलन |
| --- | --- |
| सहायता से पद-सूर्य की पूर्ति करें।<br>अध्यापक छात्रों से वैयक्तिक रूप से इस कविता का आशय लिखने को कहते हैं।<br>एक-दो की प्रस्तुति..<br>फिर दलों में बैठकर इसका परिमार्जित रूप प्रस्तुत करने को कहते हैं। छात्र दलों में इस कविता का आशय लिखते हैं। फिर उसे प्रस्तुत करते हैं?<br>अध्यापक अपनी प्रस्तुति करते हैं- जगमगाता तारा कविता भारत की खूबियों पर लिखा गया है। इस कविता के जरिए कवि ने भारत को जगमगाता तारा कहा है। सदा सत्य और अहिंसा की रक्षा करने वाले हमारे भारत को कई बलिदानों ने मिलकर संवारा है। भारतवासी भारत को अपने जान से भी ज्यादा प्यार करते हैं। इसके प्राकृतिक सौंदर्य पर भी कवि ने प्रकाश डाला है। दक्षिण के सागर को पाँव के पसारने के साथ तुलना की गई है। यह हमेशा विश्व को सत्य की विजय का संदेश देता आया है। इन खूबियों के कारण भारत देश जगमगा रहा है।<br>इसके बाद संशोधन की प्रक्रिया चलाई जाती है। (चिह्न परक, आशय परक, संरचना परक, रूप परक, प्रोक्ति परक, वर्तनी परक)<br>संशोधित उपजों को मीठे पन्ने में जोड़ा जाता है। | |

# दैनिक-आयोजन

इकाई- 2 मोड्यूल -2

| | | |
|---|---|---|
| पाठ | - | ऐ मेरे वतन के लोगों (देशभक्ति गीत), हिंदुस्तान हमारा (लेख) |
| अधिगम उपलब्धियाँ | - | देशभक्ति गीत का ताल-लय के साथ आलाप करता है। |
| | | वर्णनात्मक लेख पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है। |
| | | वर्णनात्मक लेखों की विशेषता पहचानता है। |
| | | देस-प्रेम भरे नारा गीत लिखता है। |
| आशय/धारणाएँ | - | देश-प्रेम जगाने में देशभक्ति गीतों का प्रमुख स्थान है। |
| | | आलंकारिक तथा विशेषण शब्दों के प्रयोग से भाषा खूबसूरत बनती है। |
| | | नारागीत ताल-युक्त, संक्षिप्त एवं समृद्ध होता है। |
| मूल्य मनोभाव | - | देश-प्रेम औक देश भक्ति की भावना का विकास करना। |
| | | देश की संस्कृति एवं गौरव की रक्षा करनी है। |
| समय | - | छः कालांश |
| सामग्री | - | चित्र, चार्ट, ऐ मेरे वतन के लोगों गीत की सीडी। |

| प्रक्रिया | आकलन |
|---|---|
| अध्यापक कहते हैं-<br>देश हमारा, देश हमारा<br>सत्य, अहिंसा का रखवारा।<br>अध्यापक प्रश्न पूछते हैं-<br>सत्य अहिंसा का रखवारा कौन है?<br>वांछित उत्तर 'भारत' मिलने तक संवाद ज़ारी रखे।<br>फिर पूछता है-<br>भारत देश की रखवाली कौन कर रहा है?<br>छात्रों द्वारा दी गयी प्रतिक्रियाओं को सूचीबद्ध करना है।<br>वांछित उत्तर जवानों या सैनिकों के मिलने पर अगला प्रश्न पूछना है- | छात्रों की प्रतिक्रिया देने की क्षमता के बार में परखता है। |

| प्रक्रिया | आकलन |
|---|---|
| सैनिकों के प्रति हमारी भावना कैसी होनी चाहिए?<br>छात्रों को स्वतंत्र प्रतिक्रिया का अवसर दिया जाना चाहिए।<br>इसके बाद छात्रों को पन्ना संख्या 32 (देशभक्ति गीत) पढ़ने का निर्देश दिया जाना चाहिए।<br>दलों में आशय की चर्चा करने का अवसर दिया जाना है।<br>अध्यापक गीत की सी.डी कक्षा में सुनाते हैं। साथ ही साथ पुस्तिका की पंक्तियों पर भी ध्यान देने को कहते हैं।<br>फिर अध्यापक पूछते हैं-<br>यह गीत किस अवसर पर गाया जाता है।<br>यह किसके बारे में गाया जाता है।<br>छात्रों की स्वतंत्र प्रतिक्रिया का अवसर देना है।<br>गीत के गीतकार से संबंधित अदिक जानकारी पाने के लिए पन्ना संख्या 39 पढ़ने का निर्देश देना है और कहना है- कवि प्रदीप भारतीय कवि एवं गीतकार हैं। आपने ऐ मेरे वतन के लोग गीत 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान लिखा था। | ये छात्र कक्षा गतिविधि में अब भी साथ नहीं चल रहे हैं- (नाम)<br>1.......<br>2....... |
| अध्यापक दलों में इस गीत को गाने का निर्देश देते हैं।<br>छात्रों से देशभक्ति गीतों का संकलन तैयर करने को कहते हैं।<br>संकलित गीतों के आधार पर देशभक्ति गीतों की एक प्रतियोगिता चलानी हैं। | आपसी आकलन द्वारा संकलित गीतों की जाँच करनी है कि वे देशभक्ति या देशप्रेम से संबंधित है। |
| अध्यापक कहती हैं- छात्रों हमने एक भित्ति पत्रिका बनाई थी न। उसके बारे में हरेक दल में से प्रस्तुति हो।<br>छात्रों द्वारा दी गई प्रतिक्रियाओं को सूचीबद्ध करें।<br>कहें - ये सब भारत की खूबियाँ हैं। और भी क्या-क्या खूबियाँ है भारत की। सूची को आगे बढ़ाते जाए।<br>अब पन्ना संख्या 34 और 35 के लेख को वैयक्तिक रूप से | |

| प्रक्रिया | आकलन |
| --- | --- |
| पढ़ने का निर्देश दे। कठिन शब्दों को समझने में पन्ना सं. 40,41 की मदद लेने को कहना है।<br>फिर दलों में आशय का आदान-प्रदान करें।<br>दलों में छोटे-छोटे प्रश्नों को पूछकर आशय ग्रहण करने में छात्रों की सहायता करनी है। जैसे-<br>भारत रूपी ताज में जड़े हीरे कौन-कौन से हैं?<br>भारत की क्या-क्या विशेषताएँ है?<br>छः ऋतुएँ मेहमान बनकर आती है.. ये कौन-कौन सी है?<br>भारत किन-किन पर विविधता रखता हैं?<br>अंत में पूरी कक्षा से यह प्रश्न पूछना है-<br>भारत संसार का ताज है  ऐसा क्यों कहा गया है?<br>सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्ता हमारा - भारत के संबंध में ऐसा क्यों कहा जाता है?<br>छात्रों को स्वतंत्र प्रतिक्रिया का अवसर दिया जाता है।<br>इसके बाद अध्यापक को उचित स्वाराघात-बलाघात, हाव-भाव और उतार-चढाव से पाठ का वाचन करना है।<br>छात्रों से पूछना है-<br>आपको इस लेख में कौनसा वाक्य अच्छा लगाऊ<br>छात्रों को प्रतिक्रिया करने का अवसर देना है। उसके बाद पूछना है यह आपको क्यों अच्छा लगा।<br>फिर कहें आलंकारिक तथा विशेषण शब्द भाषा के सौंदर्य को बढाते हैं।<br>फिर पूछें- लेख में पर्वत की क्या विशेषता है?<br>घने पेड़ों से सजे का क्या मतलब है?<br>प्रतिक्रिया के बाद कहें ऐसे वाक्यांश वाक्यों की शोभा बढ़ाते हैं। | |

| प्रक्रिया | आकलन |
|---|---|
| ऐसे वाक्यों को पन्ना सं. 36 के पहले वर्कशीट में वैयक्तिक रूप से लिखने को कहे। दो-एक को प्रस्तुति करने का अवसर दे। दलों में आदान-प्रदान करे। दलों में परिमार्जित कर प्रस्तुत करने को कहे।<br>इसके बाद तालिका की भी पूर्ति करने को कहा जाना है। यहाँ काली घटा से अपने बालों को को खोलना भारी वर्षा को बताते हैं इस प्रकार के अन्य प्रयोगों को ढूँढना है। वैयक्तिक रूप से फिर दलों में बैठकर।<br>पन्ना सं. 37 के नारा को श्यामपट पर लिखे-<br>पढ़ने का अवसर दे और गाएँ।<br>पूछे - इन नारागीतों का विषय क्या है?<br>वांछित उत्तर (देश-प्रेम) मिलने तक संवाद जारी रखे।<br>फिर छात्रों से देश-प्रेम पर वैयक्तिक रूप से एक नारागीत लिखने को कहे।<br>स्व आकलन चलाए।<br>दलों में बैटकर नारा गीत तैयार करे।<br>परिमार्जित नारा गीतों के आधार पर संकलित कर प्रदर्शनी चलानी है।<br>पन्ना सं. 37 के शब्दों को क्रम से लिखे।<br>पन्ना सं. 38 के भाषाई खेल से परिचय कराऐ। शर्तों के अनुसार वर्णों के रिक्त स्थानों को भरना है। कुछेक को प्रस्तुति का अवसर देना है।<br>अध्यापक अपनी प्रस्तुति पेश करते हैं-केरल, सरल, सरक, सपक,लपट,.............नरम, गरम, शरम, शरत, भारत। | आपसी आकलन का अवसर देना है।<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>ताल-युक्त, संक्षिप्त एवं देश-प्रेम के आधार पर आकलन करना है। |